# सच्चा हनुमान जी का मेहंदीपुर धाम है | By Pooja Shrivastava

सच्चा हनुमान जी का मेहंदीपुर धाम है
इनके हृदय में रहते देखो प्रभु राम हैं
श्री बालाजी घाटे वाले संकट हरो मेरी विपदा हरो

माता अंजनी के प्यारे बाला एक बार आजा
संकट ने घेरा मुझको इनसे पीछा छुड़ा जा
मेरे सर पे भी बाबा ज़रा हाथ धरो मेरे दुखड़े हरो

भैरव जी साथ तेरे संग प्रेतराज हैं
करते तुम रोगियों का पक्का इलाज हैं
श्री राम जी के प्यारे मेरी रक्षा करो मेरे दुखड़े हरो

तेरी शक्ति से बाबा संकट भी कांपते हैं
घूमे जब सोटा तेरा भूत भी नाचते हैं
माता अंजनी के लाला मेरी झोली भरो मेरे संकट हरो

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%9a%e0%a5%8d%e0%a4%9a%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b9%e0%a4%82%e0%a4%a6%e0%a5%80/